हिमाचल प्रदेश सरकार
तकनीकी शिक्षा विभाग

संख्या:–ईड़ीएन(टीई)ए(1)16/2019 दिनांकः 23/03/2020

अधिसूचना

यतः हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल को यह प्रतीत् होता है कि हिमाचल प्रदेश सरकार को सरकारी व्यय पर सार्वजनिक प्रयोजन हेतु नामतः गांव बन्दलाधार (कोग), तहसील सदर, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश में राजकीय हाईड्रो इंजिनियरिंग कॉलेज (बंदला) बिलासपुर में सम्पर्क मार्ग एवं विस्तार हेतु भूमि अर्जित करनी अपेक्षित है, अतएव एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि उक्त परिक्षेत्र में जैसा कि निम्न विवरणी में निर्दिष्ट किया गया है, उपरोक्त प्रयोजन के लिये भूमि का अर्जन अपेक्षित है।

2. यह अधिसूचना भूमि अर्जन, पुर्नवारान और पुर्नर्व्यवस्थापना में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा–19 के उपबन्धों के अर्न्तगत इससे सम्बन्धित सभी व्यक्तियों को सूचना हेतु जारी की जाती है तथा उक्त अधिनियम के अधीन भू–अर्जन समाहर्ता (राजस्व) विभाग तहसील सदर, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश को उक्त भूमि के अर्जन करने के आदेश लेने का ऐतद् द्वारा निदेश दिया जाता है।

3. भूमि रेखांक का निरीक्षण भू–अर्जन समहर्ता, राजस्व विभाग, तहसील सदर, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश के कार्यालय में किया जा सकता है।

विवरणी

जिला	तहसील	गांव	खसरा नं0	रकवा (बीघा)
बिलासपुर	सदर	बन्दला (कोग)	878/1	0–6 बीघा
बिलासपुर	सदर	बन्दला (कोग)	878/2	3–4 बीघा
		कुल रकवा		3–10 बीघा

आदेश द्वारा

अतिरिक्त मुख्य सचिव (तकनीकी शिक्षा)
हिमाचल प्रदेश सरकार

पृ0 संख्या ईड़ीएन(टीई)ए(1)16/2019 दिनांकः 23/03/2020

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) हिमाचल प्रदेष सरकार को सूचनार्थ ।

2. जिला समाहर्ता (उपायुक्त) बिलासपुर जिला बिलासपुर , हि0 प्र0 ।

3. उपमण्डलाधिकारी नागरिक तहसील सदर, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश यह सुनिशिचित करें कि समाचार पत्रों में प्रकाशित अधिसूचना की प्रतियां सम्बन्धित भू–अर्जन समाहर्ता को अविलम्ब उपलब्ध करवायें ताकि भू–अधिग्रहण प्रकिया तीव्रता से की जा सके ।

4. निदेशक, सूचना एंव जन सम्पर्क विभाग शिमला–2 को पाँच प्रतियों सहित व उनसे अनुरोध है कि वे इस अधिसूचना को दो समाचार पत्रों में शीघ्र प्रकाशित करवायें जिसमें से एक क्षेत्रीय भाषा में हो तथा प्रकाशन की एक प्रति जिला समाहर्ता (उपायुक्त) सदर जिला बिलासपुर , हि0 प्र0 को उपलब्ध करवायें ।

5. निदेशक, तकनीकी शिक्षा, सुन्दरनगर, जिला मण्डी हि0 प्र0 को उनके पत्र संख्या एसटीवी(टीई)एच–जी / एच0पी0टी0ई0जि0कालेज / बिलासपुर / 4 / 2020–17518 दिनांक 25 / 02 / 2020 के सन्दर्भ में ।

6. गार्ड नस्ति ।

उप–सचिव (तकनीकी शिक्षा)
हिमाचल प्रदेश सरकार